# भारतीय रिज़र्व बैंक

**RESERVE BANK OF INDIA**

www.rbi.org.in

संदर्भ : रावि. केंका. सं. **एस-102** /08.04.504/2021-22 29 जुलाई 2021

प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी
सरकारी क्षेत्र के समस्त बैंक (उनके द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित)/
अध्यक्ष, वित्तीय संस्थाएं

महोदया/महोदय

**भारतीय रिज़र्व बैंक की अंतर-बैंक हिंदी निबंध प्रतियोगिता – वर्ष 2021-22**

बैंकिंग विषयों पर हिंदी में मौलिक लेखन को प्रोत्साहित करने के लिए रिज़र्व बैंक प्रतिवर्ष अंतर-बैंक हिंदी निबंध प्रतियोगिता आयोजित करता है। सभी स्टाफ-सदस्य **(राजभाषा अधिकारियों और अनुवादकों को छोड़कर)** इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। तदनुसार, वर्ष 2021-22 की उक्त प्रतियोगिता के लिए निम्नानुसार तीन विषय रखे गए हैं **:-**

| | |
|---|---|
| **1.** | **एमएसएमई क्षेत्र और कोविड -19 महामारी** |
| **2.** | **कोविड-19 महामारी में डिजिटल बैंकिंग की भूमिका** |
| **3.** | **बैंकिंग में ग्राहक सेवा का महत्व** |

प्रतिभागियों से इनमें से किसी एक विषय पर हिंदी में निबंध आमंत्रित किए जाते हैं। **प्रविष्टि भेजने की अंतिम तारीख 1 अक्तूबर 2021 (शुक्रवार) है।**

2. **प्रतियोगिता के नियम संलग्नक "क"** में तथा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा निबंध के साथ भेजे जाने वाले **प्रमाणपत्र का नमूना संलग्नक "ख"** में दिया गया है। प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए क्रमशः ₹14,000, ₹10,000, ₹ 8,000 एवं ₹ 3,000 की राशि प्रदान की जाएगी।

3. सरकारी क्षेत्र के बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित) और वित्तीय संस्थाओं से अनुरोध है कि वे इस पत्र की विषयवस्तु को अपने कार्यालय के सभी स्टाफ-सदस्यों की जानकारी में लाएं। साथ ही, व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए कृपया इस प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी अपनी गृहपत्रिकाओं/हिंदी पत्रिकाओं में प्रकाशित करें तथा इसे अपनी वेबसाइट पर भी डालें।

भवदीय

काज़ी मु. ईसा

(कांज़ी मु. ईसा)
महाप्रबंधक

अनुलग्नक : यथोक्त

राजभाषा विभाग, केंद्रीय कार्यालय, सी-9, आठवीं मंजिल, बांद्रा-कुर्ला संकुल, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-400 051
Rajbhasha Department, Central Office, C-9, 8th Floor, Bandra-Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai-400 051
फोन Phone: 022-2657 2801; ई-मेल e-mail: rajbhashaco@rbi.org.in

– बैंक हिंदी में पत्राचार का स्वागत करता है –

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

Ref.Ra.Vi.CO.No. S-**102** /08.04.504/2021-22 29 July 2021

MDs & CEOs, Public Sector Banks
(Including RRBs sponsored by Banks)/
Chairman, Financial Institutions

Dear Sir/Madam

**Inter-Bank Hindi Essay Competition of Reserve Bank of India - Year 2021-22**

With a view to encourage original writing in Hindi on banking subjects, Reserve Bank of India conducts an inter-bank Hindi essay competition every year. All members of staff **(Except Rajbhasha Officers and Translators)** can participate in this Competition. Accordingly, three topics selected for the competition to be held for the year 2021-22 are as under: -

| | |
|---|---|
| **1.** | **एमएसएमई क्षेत्र और कोविड -19 महामारी** |
| **2.** | **कोविड-19 महामारी में डिजिटल बैंकिंग की भूमिका** |
| **3.** | **बैंकिंग में ग्राहक सेवा का महत्व** |

Participants may send their essay in Hindi **on any one of the given topics. The last date for submission is 1st October 2021 (Friday).**

2. **The rules for the competition are given in Annex 'A'**, while the **format of the Certificate to be submitted by the participating officers/employees is given in Annex 'B'**. Winners of the competition will be awarded ₹ 14,000, ₹ 10,000, ₹ 8,000 and ₹ 3,000 respectively for First, Second, Third and Consolation prizes.

3. All Public-Sector Banks (including RRBs) & Financial Institutions are requested to bring the contents of this letter to the notice of all the members of staff attached to their offices. In order to give wide publicity, they are requested to publish information regarding aforesaid competition in the House Journals/Hindi Periodicals of their institution and also to make it available on their websites.

Yours faithfully

(Kazi M. Isa)
General Manager

Encl.: As above.

राजभाषा विभाग, केंद्रीय कार्यालय, सी-9, आठवीं मंजिल, बांद्रा-कुर्ला संकुल, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-400 051
Rajbhasha Department, Central Office, C-9, 8th Floor, Bandra-Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai-400 051
फोन Phone: 022-2657 2801; ई-मेल e-mail: rajbhashaco@rbi.org.in

– बैंक हिंदी में पत्राचार का स्वागत करता है –

## भारतीय रिज़र्व बैंक की अंतर-बैंक हिंदी निबंध प्रतियोगिता - नियम

1. यह प्रतियोगिता सरकारी क्षेत्र के बैंकों (उनके द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित), सरकारी वित्तीय संस्थाओं तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के सभी कार्यरत कर्मचारियों/अधिकारियों के लिए है। **इसमें राजभाषा अधिकारी/अनुवादक भाग नहीं ले सकते हैं।**
2. निबंध के लिए शब्दों की सीमा लगभग **3000 से 4000** तक रखी गई है। शब्दों की सीमा का कड़ाई से पालन किया जाएगा और उक्त सीमा का उल्लंघन करने वाले सहभागी को निबंध प्रतियोगिता के लिए अपात्र माना जा सकता है।
3. निबंध हिंदी में ए4 कागज पर एक ओर टाइप किया हुआ होना चाहिए। हाथ से लिखे हुए निबंध भी स्वीकार किए जाएंगे, बशर्ते वे साफ-साफ लिखे गए हों और आसानी से पढ़े जा सकते हों।
4. प्रतियोगिता मातृभाषा के अनुसार (i) हिंदी भाषियों (मातृभाषा – हिंदी, मैथिली, उर्दू आदि) (ii) मराठी, पंजाबी सिंधी, कोंकणी और गुजराती भाषियों तथा (iii) उक्त (i) एवं (ii) को छोड़कर अन्य गैर हिंदी भाषा-भाषियों के लिए, अलग-अलग आयोजित की जाएगी। **प्रतियोगी दिए गए तीन विषयों में से अपनी पसंद के किसी एक विषय पर निबंध भेज सकते हैं।** प्रत्येक वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।
5. **कृपया नोट करें कि केवल हिंदी में लिखे गये निबंध ही स्वीकार किये जाएंगे।**
6. प्रथम पुरस्कार की राशि **14,000/-** रुपए, द्वितीय पुरस्कार की राशि **10,000/-** रुपए, तृतीय पुरस्कार की राशि **8,000/-** रुपए एवं प्रोत्साहन पुरस्कार की राशि **3,000/-** रुपए है।
7. प्रतियोगिता के परिणाम की सूचना बैंकों के प्रधान कार्यालयों को ही दी जाएगी और वे ही अपने समस्त स्टाफ-सदस्यों को परिणामों से अवगत कराएंगे। केवल विजेताओं को ही व्यक्तिगत रूप से सूचित किया जाएगा।
8. **प्रत्येक सहभागी को संलग्न फार्म के अनुसार अपने संबंधित बैंक के माध्यम से अपनी मातृभाषा सूचित करते हुए यह प्रमाणपत्र देना होगा कि उनका निबंध मौलिक है तथा उन्होंने उसे अन्यत्र पुरस्कार या प्रकाशन के लिए नहीं भेजा है।**
9. **प्रतियोगी द्वारा निबंध पर कहीं नाम, पता आदि नहीं लिखा होना चाहिए अन्यथा प्रविष्टि स्वीकार नहीं की जाएगी।**
10. निबंध में कोटेशन आदि देते समय स्रोत का उल्लेख किया जाना आवश्यक होगा।
11. **तीन वर्ष तक लगातार पुरस्कार पाने वाले व्यक्ति को चौथे वर्ष पुरस्कार न देकर एक श्रेष्ठता प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।** पांचवें वर्ष से वह प्रतियोगिता में सामान्य रूप से पुरस्कार पाने का पात्र होगा।
12. प्रतियोगिता के संबंध में रिज़र्व बैंक का निर्णय अंतिम और सहभागियों के लिए बाध्यकारी होगा।
13. निबंध भेजने की **अंतिम तारीख 1 अक्तूबर 2021 (शुक्रवार) है।**
14. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अधिकारी/कर्मचारी अपने निबंध संबंधित शाखा/विभाग के मुख्य अधिकारी के प्रमाणन के साथ सीधे ही हमें rajbhashaco@rbi.org.in पर ई-मेल या निम्नलिखित पते पर भेजें :

**महाप्रबंधक**
**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**राजभाषा विभाग, केंद्रीय कार्यालय**
**सी 9, आठवीं मंज़िल, बांद्रा कुर्ला संकुल**
**बांद्रा (पूर्व), मुंबई- 400 051**

15. प्रतियोगिता के विजेताओं को रिज़र्व बैंक के वार्षिक राजभाषा पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा तथा **समारोह में शामिल होने वाले विजेताओं को संबंधित बैंक 'ड्यूटी पर' मानेगा।**
16. पुरस्कृत निबंधों पर भारतीय रिज़र्व बैंक का सर्वाधिकार होगा। **पुरस्कार विजेता निबंध को अन्यत्र नहीं छपवाएगा।**

.........................................................................

RESERVE BANK OF INDIA, C.O. MUMBAI, RAJBHASHA DEPT.

संलग्नक 'ख'/Annexure 'B'

## प्रमाणपत्र का नमूना

मैं ------------------------------------------------------------------------------यह प्रमाणित करता/करती हूं कि

( स्पष्ट अक्षरों में पूरा नाम )

मैं (बैंक का नाम) --------------------------------------------------- (बैंक की शाखा का नाम) -------------------
------------------- (पिन कोड सहित बैंक की शाखा का पूरा पता) -------------------------------------------------
--------------------------------------------------------------------------------------------------------में पिछले -----
---------- वर्षों से ------------------------------------------------ के पद पर कार्यरत हूं और मेरी मातृभाषा ---------
--------------------- है। मेरे निबंध का शीर्षक '------------------------------------------------------------------'
है।

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा आयोजित अंतर-बैंक हिंदी निबंध प्रतियोगिता 2021-22 के लिए भेजा जाने वाला मेरा निबंध मौलिक है तथा अन्यत्र पुरस्कार या प्रकाशन के लिए नहीं भेजा गया है।

हस्ताक्षर :-------------------

स्थान :-------------------

तारीख :-------------------

| | |
|---|---|
| अंग्रेजी में नाम (कैपिटल लेटर्स में) | |
| मोबाइल नं. टेलीफोन नं. | |
| कार्यालय का फोन नं./ फैक्स नंबर | |
| ई-मेल पता : | |

*** निबंध प्रतियोगिता के परिणाम घोषित होने के बाद यदि पुरस्कृत सहभागी के डाक पते में परिवर्तन होता है तो कृपया हमें rajbhashaco@rbi.org.in पर सूचित करें।**

---

श्री/सुश्री/श्रीमती ------------------------------------------------------------------हमारे बैंक के/की कर्मचारी हैं।

(पूरा नाम )

प्रमाणित करने वाले बैंक अधिकारी के हस्ताक्षर : -------------------------

अधिकारी का पूरा नाम : -------------------------

पदनाम : -------------------------

तारीख : -------------------------

फैक्स संख्या : -------------------------

दूरभाष सं. : -------------------------

बैंक की मुहर

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
के.का. मुंबई
C.O. MUMBAI
RAJBHASHA DEPT.
राजभाषा विभाग